अनुक्रमांक : ______________ नाम : ________________

**932** **825 (IX)**

# 2024
# सामाजिक विज्ञान
## (Social Science)

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों, अ और ब में विभाजित है।

(iv) खण्ड-अ में 20 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इनका उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर दिया जाना है।

(v) ओ.एम.आर. शीट पर उत्तर अंकित किए जाने के पश्चात उसे काटें नहीं तथा इरेज़र (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।

(vi) खण्ड-व 50 अंकों का है। इसमें दो प्रकार के प्रश्न हैं, वर्णनात्मक-1 तथा वर्णनात्मक-2। मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न (प्र.सं. 29 (क) व 29 (ख)) हैं।

(vii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(viii) दिए गए मानचित्रों को प्रश्न-पत्र से फाड़कर, उन पर उत्तर अंकित कीजिए तथा मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ अवश्य संलग्न कीजिए।

(ix) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिए गए हैं।

**खण्ड - 'अ'**

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित कीजिए। **1 × 20 = 20**

1. निम्नलिखित में से कौन-सा आन्दोलन महात्मा गाँधी ने नहीं चलाया ? **1**

   (A) असहयोग आन्दोलन

   (B) सविनय अवज्ञा आन्दोलन

   (C) चम्पारन आन्दोलन

   (D) खिलाफत आन्दोलन

2. 1789 में फ्राँस में राष्ट्रवाद की प्रथम अभिव्यक्ति का क्या परिणाम हुआ ? **1**

   (A) फ्रांस की क्रान्ति

   (B) नेपोलियन का उदय

   (C) जर्मनी का एकीकरण

   (D) निरंकुश गणतंत्र का प्रारम्भ

3. 'गुलामगिरी' के लेखक कौन थे ? **1**

   (A) ई.वी. रामास्वामी

   (B) ज्योतिबा फुले

   (C) भीमराव रामजी अम्बेडकर

   (D) बाल गंगाधर तिलक

4. 1929 की महामंदी का प्रमुख कारण क्या था ? **1**

   (A) कृषि क्षेत्र में अति उत्पादन

   (B) कृषि क्षेत्र में न्यून उत्पादन

   (C) बेरोज़गारी

   (D) प्रमुख बैंकों का धराशायी होना

5. 1944 में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना कहाँ की गई थी ? **1**

(A) ब्रिटेन

(B) संयुक्त राज्य अमेरिका

(C) फ्राँस

(D) भारत

6. श्रीलंका में निम्नलिखित में से कौन-सा समूह अल्पसंख्यक है ? **1**

(A) तमिल

(B) ईसाई

(C) सिंहली

(D) मुस्लिम

7. भारत में संघीय व्यवस्था है क्योंकि : **1**

(A) यहाँ शक्तियों का विकेन्द्रीकरण है।

(B) यहाँ शक्तियों का केन्द्रीयकरण है।

(C) संविधान लचीला है।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से कौन-सा संघीय राज्य नहीं है ? **1**

(A) मणिपुर

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) दिल्ली

(D) त्रिपुरा

9. निम्नलिखित में से किस व्यवस्था के लिए राजनीतिक दल आवश्यक शर्त हैं ? **1**

(A) राजतंत्र

(B) लोकतंत्र

(C) तानाशाहशाही

(D) समाजवाद

10. निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध लोकतंत्र से नहीं है ? **1**

(A) जनमत

(B) राजनीतिक दल

(C) उत्तरदायी शासन

(D) बहुसंख्यकों का शासन

11. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज धात्विक है ? **1**

(A) कोयला

(B) अभ्रक

(C) चूना-पत्थर

(D) लोह-अयस्क

12. कपास की खेती के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी मिट्टी उपयुक्त है ? **1**

(A) काली मिट्टी

(B) लाल मिट्टी

(C) जलोढ़ मिट्टी

(D) लैटेराइट मिट्टी

13. निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग में कच्चे माल के रूप में बॉक्साइट का प्रयोग किया जाता है ? **1**

(A) सीमेंट

(B) ऐलुमिनियम

(C) लोहा एवं इस्पात

(D) कागज़

14. निम्नलिखित में से किसको सेवा क्षेत्रक भी कहते हैं ? **1**

(A) प्राथमिक क्षेत्रक

(B) द्वितीयक क्षेत्रक

(C) तृतीयक क्षेत्रक

(D) चतुर्थक क्षेत्रक

15. सार्वजनिक क्षेत्रक तथा निजी क्षेत्रक के विभाजन का आधार है : **1**

(A) रोज़गार की शर्तें

(B) आर्थिक गतिविधियों की प्रकृति

(C) उद्यमों का स्वामित्व

(D) उद्यमों में नियोजित श्रमिकों की संख्या

16. एजेण्डा-21 का सम्बन्ध किससे है ? **1**

(A) ओज़ोन क्षरण (अवक्षय) से

(B) जलवायु परिवर्तन से

(C) वैश्विक तापन से

(D) सततपोषणीय (संधारणीय) विकास से

17. उपभोक्ता सुरक्षा अधिनियम कब बना था ? **1**

(A) 1980

(B) 1990

(C) 1986

(D) 2001

18. बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक की शुरुआत कब हुई थी ? **1**

(A) 1960

(B) 1980

(C) 1970

(D) 1990

19. निम्नलिखित में से कौन-सा जैव-संसाधन है ? **1**

(A) लोहा

(B) ताँबा

(C) मत्स्य पालन (उद्योग)

(D) चट्टानें

20. निम्नलिखित में से किस देश का मानव विकास सूचकांक सर्वोच्च है ? **1**

(A) बांग्लादेश

(B) पाकिस्तान

(C) श्रीलंका

(D) नेपाल

## खण्ड - 'ब'

## वर्णनात्मक-1

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)

1. भारत की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर प्रथम विश्व युद्ध के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार वैश्वीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया ? किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। **2 + 2 = 4**

2. "लोकतंत्र सभी सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक समस्याओं का समाधान करता है।" इस कथन की तर्कों सहित पुष्टि कीजिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

राजनीतिक दलों के चार महत्त्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख कीजिए। **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

3. एक संसाधन के रूप में मिट्टी के महत्त्व का उल्लेख कीजिए तथा भारत में पाई जाने वाली किन्हीं दो प्रकार की मिट्टियों का वर्णन कीजिए। **2 + 2 = 4**

**अथवा / OR**

विदेशी व्यापार से आप क्या समझते हैं ? विदेशी व्यापार को अनुकूल बनाने के लिए कोई दो सुझाव दीजिए। **2 + 2 = 4**

4. भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव पर टिप्पणी कीजिए। **4**

**अथवा / OR**

तृतीयक क्षेत्रक अन्य क्षेत्रकों से कैसे भिन्न है ? सोदाहरण व्याख्या कीजिए। **2 + 2 = 4**

## वर्णनात्मक-2

(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)

5. महात्मा गाँधी द्वारा चलाए गए तीन सत्याग्रह आन्दोलनों के कारण और परिणाम बताइए। **3 + 3 = 6**

**अथवा / OR**

सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब चलाया गया ? यह क्यों चलाया गया ? इसका क्या प्रभाव पड़ा ? **1 +** $2\frac{1}{2}$ **+** $2\frac{1}{2}$ **= 6**

6. "भारत में चुनाव कभी-कभी जातियों पर ही निर्भर करते हैं।" क्यों ? इस स्थिति से छुटकारा पाने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। **4 + 2 = 6**

**अथवा / OR**

भारत में संघीय व्यवस्था की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। $1\frac{1}{2}$ **+** $1\frac{1}{2}$ **+** $1\frac{1}{2}$ **+** $1\frac{1}{2}$ **= 6**

7. चावल की खेती हेतु उपयुक्त भौगोलिक दशाओं की विवेचना कीजिए तथा भारत में किन्हीं तीन प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए। **3 + 3 = 6**

**अथवा / OR**

अभ्रक की उपयोगिता की विवेचना कीजिए एवं भारत में इसके किन्हीं दो उत्पादक क्षेत्रों का भी वर्णन कीजिए। **2 + 4 = 6**

8. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के क्रियाकलापों का वर्णन कीजिए। **6**

**अथवा / OR**

संगठित एवं असंगठित क्षेत्रकों में विभेद कीजिए एवं असंगठित क्षेत्रक के कर्मचारियों की समस्याओं की विवेचना कीजिए। **2 + 4 = 6**

## मानचित्र-सम्बन्धी प्रश्न

**29. (क)** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं : **5**

(i) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर, 1920 में हुआ था। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) वह नगर जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) वह जनपद जहाँ चौरी-चौरा की घटना घटित हुई। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी ने किसान-सत्याग्रह आन्दोलन चलाया। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**29. (ख)** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में, चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन हेतु $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं : **5**

(i) इस प्रदेश की राजधानी चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(ii) दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) भारत के पूर्वी तट का एक समुद्री-पत्तन (बन्दरगाह) $\triangle$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) भारत का कोई एक चाय उत्पादक क्षेत्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) भारत का कोई एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 (क) के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन सितम्बर, 1920 में कहाँ हुआ था ? **1**

(ii) महात्मा गाँधी ने नमक कानून किस स्थान पर तोड़ा ? **1**

(iii) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड किस नगर में हुआ था ? **1**

(iv) चौरी-चौरा की घटना किस जनपद में घटित हुई ? **1**

(v) महात्मा गाँधी ने किसान-सत्याग्रह आन्दोलन किस स्थान पर चलाया ? **1**

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 (ख) के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

(i) इस राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। **1**

(ii) दक्षिण भारत की एक प्रमुख नदी का नाम लिखिए। **1**

(iii) भारत के पूर्वी तट के एक समुद्री-पत्तन (बन्दरगाह) का नाम लिखिए। **1**

(iv) भारत के किसी एक चाय उत्पादक क्षेत्र का नाम लिखिए। **1**

(v) भारत के किसी एक परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम लिखिए। **1**